सड़क दुर्घटना में बालक सहित दो की मौत

चित्रकूट। रैपुरा और पहाड़ी थाना क्षेत्रों में हुए दो सड़क हादसों में बालक और युवक की मौत हो गयी। दोनों हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। रैपुरा थाना क्षेत्र के लौरी गांव के पास सोमवार देर रात एक ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजा घायल हो गये। रेरुआ गांव निवासी नीरज कुमार (२४) अपने भांजे कुलदीप कुमार (१२) के साथ लोखरी गांव से निमंत्रण में शामिल होकर लौट रहे थे। सामने से आए ट्रैक्टर की टक्कर से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस उन्हें सीएचसी रामनगर ले गई, जहां कुलदीप को मृत घोषित कर दिया गया। नीरज को जिला अस्पताल रिफर किया गया। कक्षा आठ का छात्र कुलदीप नवरात्र की छुट्टी में ननिहाल आया था। पुलिस ने ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया है। चालक फरार है। थाना प्रभारी रामसिंह ने बताया कि ट्रैक्टर की एक हेडलाइट खराब थी। चालककी तलाशकी जा रही है।

सड़क हादसेमें युवककी मौत, एक घायल

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के मामूलिया पेट्रोल पंप के पास सोमवार शाम करीब छह बजे भैंस से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। जबकि पीछे बैठा युवक घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार राजापुर की ओर से आ रही हीरो स्प्लेंडर प्लस के चालक पुष्पराज पुत्र तेज नारायण पटेल निवासी नोनार और पीछे बैठे मोहित पुत्र राजबली निवासी नोनार ने भैंस में टक्कर मार दी।

घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहाड़ी ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने पुष्पराज को मृत घोषित कर दिया। मोहित के सिर में चोट आयी है। उपचार चल रहा है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

अलग-अलग दुर्घटना में छः लोग घायल

चित्रकूट। अलग-अलग सड़क हादसे में छह लोग घायल हो गये। मंगलवार को चित्रकूट कामतन मार्ग पर श्रद्धालु भारतपुर भरतकूप निवासी ललित कुमार त्रिपाठी को वहां से गुजर रही बाइक ने टक्कर मार दी। इससे खुद बाइक चालक बंदरकोल गांव निवासी दिलीप कुमार भी छिटककर गिरा और लहूलुहान हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। शहर में मंगलवार को दशहरा मेला देखने जा रहे पुरानी बाजार निवासी विपिन कुमार, रोहित और छह वर्षीय दिव्या की बाइक एलआईसी मोड़ के पास ई रिक्शा से टकरा गयी। इसमें तीनों घायल हो गये।



दशहरा पर्व मनाते एम्बुलेंस कर्मी।

एम्बुलेंस कर्मियों ने धूमधाम से मनाया दशहरा उत्सव

चित्रकूट। जनपद में वर्तमान में संचालित १०८ आपातकालीन सेवा की कुल १४ एम्बुलेंस और १०२ राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवा की कुल १५ एम्बुलेंस संचालित हो रही हैं जो दिन-रात जरूरतमंदों तक आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा पहुंचा रही हैं।

डीएम पुलकित गर्ग, सीएमओ डा. महेन्द्र कुमार त्रिपाठी' तथा डिप्टी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी १०८, १०२ 'डा. अरुण पटेल' के निर्देशन में जिले की समस्त एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह सक्रिय है और मरीजों को कम से कम समय में अस्पताल पहुंचाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय परिसर में एम्बुलेंस स्टाफ द्वारा दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रोग्राम मैनेजर सोनेन्द्र शुक्ला की अगुवाई में किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने एक-दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं और मिष्ठान वितरण किया। प्रोग्राम मैनेजर ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा हमें सेवा भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है। टीम त्योहार के दिन भी २४ घंटे अलर्ट मोड पर रहती है।

गोशाला एवं अमृत सरोवर के ६२.३० लाख रुपये के गबन में ग्राम प्रधान गिरफ्तार

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दमोदरा में हुए ६२.३० लाख रुपये के बड़े वित्तीय घपले में पुलिस ने ग्राम प्रधान अजीत कुमार सिंह उर्फ पिंटू को गिरफ्तार कर लिया है। यह कारवाई वित्तीय वर्ष २०२३-२४ से २०२५-२६ के मध्य अस्थायी गो-आश्रय स्थल और मनरेगा अमृत सरोवर योजना में मिली गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि के बाद की गयी है। विभागीय जांच रिपोर्ट के अनुसार, गो-आश्रय स्थल के नाम पर आवंटित ६२,३०,८४९ रुपये की धनराशि को नियमों की अनदेखी करते हुए ग्राम प्रधान ने अपनी मां के व्यक्तिगत बैंक खाते में अंतरित कर लिया था। इसके अतिरिक्त, मनरेगा के तहत अमृत सरोवर की खोदायी में मजदूरों से कार्य कराने के बजाय जेसीबी मशीन का इस्तेमाल किया गया और मजदूरी मद में २८,८१,९०० रुपये का फर्जी भुगतान दर्शाया गया। जांच में वित्तीय अनियमितता साबित होने पर प्रधान के सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज करते हुए प्रधान और तत्कालीन सचिव संदीप कुमार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा ३१६(५) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपित प्रधान का चालान कर जेल भेज दिया है और तत्कालीन सचिव की भूमिका की गहन पड़ताल कर रही है।

डीएम कार्यालय के सामने महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

जौनपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब बक्शा थाना क्षेत्र के सड़ेरी गांव निवासी रीना निषाद ने अपने मासूम बच्चों के साथ पहुंचकर खुद पर पेट्रोल उड़ेल लिया और आग लगाने का प्रयास किया। गनीमत रही कि वहां तैनात सतर्क पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को तुरंत पकड़ लिया और अनहोनी होने से बचा लिया।

पीड़िता का आरोप है कि वह अपनी निजी जमीन पर पेयजल हेतु हैंडपंप की बोरिंग करा रही थी, तभी पड़ोसी दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए काम रुकवा दिया और जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय पुलिस द्वारा शिकायत पर कोई ठोस कारवाई न किए जाने से आहत होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस अधिकारियों ने महिला को समझा-बुझाकर उचित विधिक कारवाई का आश्वासन दिया है।

महिला अधिवक्ता के घर में घुसकर पिता का गला दबाया एवं पीटा

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में खूंटा उखाड़ने की रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने महिला अधिवक्ता के घर में घुसकर उनके पिता पर जानलेवा हमला कर दिया।

पीड़िता वर्षा यादव (अधिवक्ता) पुत्री सियाराम यादव के अनुसार, १९ अक्टूबर की शाम जब वह कचहरी से घर लौटीं, तभी पटीदार विवेक यादव घर में जबरन घुस आया और उनके पिता सियाराम यादव का गला दबाते हुए लात-घूंसों से पीटने लगा। परिजनों द्वारा बीच-बचाव करने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़िता की तहरीर पर थानाध्यक्ष कमलनयन दुबे ने आरोपित विवेक यादव, लालती यादव और सुनीता के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

देवी भक्तोंने डीजेकी धुनपर नाचते थिरकते दी जगदजननीको विदाई

चित्रकूट। दशहरा पर्व के बाद जिले में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन बुधवार को निर्धारित स्थलों पर किया गया। जिले में कुल १०५२ स्थानों पर स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर व्यवस्थाएं की गयी थी। विसर्जन के पूर्व देवी पंडालों में पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने नम आंखों के साथ मां दुर्गा को विदाई दी। विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गयी।



मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित करते लोग।

जिला मुख्यालय में गहिरानाथ तालाब, दुल्हिन तालाब, बनकट, दुर्गादास और खोही तालाब में बेहतर इंतेजामों के बीच दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। प्रशासन की ओर से विसर्जन स्थलों पर जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गयी। इसी प्रकार मऊ के कटिया तालाब में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में सजी देवी पांडालों में माँ दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन देवी भक्तों ने बड़े ही धूमधाम के साथ किया। प्रतिमाओं को विसर्जित करते समय भक्तों के आँखों से आंसू बहने लगे। स्थानीय प्रशासन ने पूर्व में ही मूर्ति विसर्जन की जगहों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरस्त कर ली थी। बरगढ़ के आदर्श तालाब, मानिकपुर कस्बे के विभिन्न वार्डों एवं ग्रामीण क्षेत्र मे झांकिया सजी थी। जिनके सुरक्षित विसर्जन को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने शाँतिपूर्ण तरीके से गाजे-बाजे के साथ मूर्तियों का विसर्जन कराया। मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक ने सुरक्षा के मद्देनजर प्रमुख स्थलों में पर्याप्त पुलिस एवं राजस्व टीमों के साथ तैनात रहे। राजापुर कस्बे में चिल्लीराकस के गंगी तालाब में भक्ति भावना के साथ माँ जगदम्बा के नौ स्वरूपों का विसर्जन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। अंतिम दिन देवी भक्तों ने नम आंखों से रोते-बिलखते माँ की प्रतिमाओं का विसर्जन चिन्हित तालाबों में किया।

सर्प दंश से गंभीर

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के नांदी तौरा गांव निवासी मोहिया देवी को खेत के पास सर्प ने डस लिया। जानकारी होते ही उसे परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मूर्ति विसर्जन जुलूस में डांस के विवाद पर युवक को चाकू घोंपा

नगर पालिका परिषद के पास हुआ खूनी संघर्ष

जौनपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद के समीप मंगलवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के जुलूस में डांस को लेकर हुए मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। कहासुनी के दौरान एक मनबढ़ युवक ने कालीकुत्ती निवासी राजेश बिंद उर्फ हीरा पर चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए।

चाकू लगने से हीरा लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे जुलूस में अफरा-तफरी मच गयी। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर हमलावर को भगाया और घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने युवक की स्थिति अत्यंत चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया। पुलिस हमलावर की शिनाख्त और गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

केराकत में गोमती नदी पुल पर खड़ी बाइक चोरी

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र स्थित गोमती नदी पुल से अज्ञात चोरों ने एक युवक की बाइक पर हाथ साफ कर दिया। ग्राम बरबसपुर निवासी शुभम यादव अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (यूपी ६२ बीवी १८५५) को पुल पर लाक करके नदी किनारे प्रतिमा विसर्जन देखने गए थे। कुछ देर बाद जब वे वापस लौटे तो वाहन नदारद था। खोजबीन के बाद पीड़ित ने डायल ११२ पर सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

देवी विसर्जन के लिए गया युवक लापता, तलाश जारी

चित्रकूट। देवी विसर्जन करने गया युवक रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। जनपद कौशांबी के जाठी निवासी दीपेंद्र उर्फ मोनू मिश्र (३०) बरगढ़ में किराए पर रहकर इलेक्ट्रिशियन का काम करता था।

बुधवार को उसके पिता भरतलाल ने बताया कि दोस्तों के अनुसार मोनू बोझ फार्म की देवी प्रतिमा का विसर्जन करने मऊ तहसील के भटगवां बांध गया था। चन्नाढ़ और ललई गांव की प्रतिमाएं भी वहीं लाई गयी थीं। ग्रामीणों ने उसे शाम पांच बजे तक ललई की देवी प्रतिमा के विसर्जन स्थल पर देखा था। बाद में उसने अपना मोबाइल फोन और शर्ट एक लड़के को दिया और गायब हो गया। पिता ने थाने में तहरीर दी है। प्रधान दिनेश पाल के मुताबिक, पुलिस और गोताखोर बांध में उसकी तलाश कर रहे हैं। थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस खोजबीन में जुटी है।

छत से गिरकर महिला घायल

चित्रकूट। सदर कोतवाली क्षेत्र के तरौंहा कस्बा निवासी रामप्यारी (४५) मंगलवार की शाम को अपने ही घर की छत से गिरकर घायल हो गयी। उसके पुत्र अजय कुमार ने बताया कि घर की छत की फर्श का निर्माण चल रहा है। यहीं पर फिसलकर मां नीचे गिर गयी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

तीन ने निगला जहर

चित्रकूट। अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात कारण के चलते तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। चकला चकजाफर गांव निवासी गुडिया देवी (३०), सपहा का विकास सिंह (४०) और बिसंडा निवासी विजय कुमार (३६) ने अपने घरों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

युवक पर चाकू से किया हमला

चित्रकूट। घर के सामने रखी लकड़ी हटाने में देरी पर पड़ोसी परिवार के चार युवकों में एक ग्रामीण पर चाकू और डंडे से हमला करने का आरोप है। मऊ थाना क्षेत्र के बरिया उफरौली निवासी भइयालाल यादव के अनुसार, घर के सामने एक हिस्से में उनकी लकड़ी रखी थी।

मंगलवार रात पड़ोसी परिवार ने इसका विरोध करते हुए लकड़ी हटाने को कहा। भइयालाल लकड़ी हटाने लगे, आरोप है कि तभी चार युवक चाकू और डंडा लेकर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर उन्होंने उनके हाथ और पैर पर चाकू से वार किया। भइयालाल ने थाने में चार नामजद हमलावरों के खिलाफ शिकायत की है।

संदिग्ध दशा में बालक की मौत

चित्रकूट। बरगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी कमलेश उर्फ झुल्लुर के आठ वर्षीय बेटे अंश द्विवेदी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। अंश के बाबा भीष्म द्विवेदी ने बताया कि उनका नाती सोमवार शाम अशोक चौराहा बरगढ़ में एक नाश्ता की दुकान में समोसा खाया था। बाद में घर पर भोजन करके सो गया था। रात करीब तीन बजे से उसके पेट में दर्द होने लगा। बादमें गले एवं सीनेमें भी पीड़ा शुरू हो गयी थी। उसे सांस लेने में भी परेशानी हो रही थी। मंगलवार सुबह एक निजी चिकित्सालय से दवा लाकर खिलाई गयी लेकिन उल्टी हो गयी। बादमें सीरप पिलानेसे उसे कुछ आराम हुआ था। उसके बादमें तबीयत फिर बिगड़ गयी। परिजन कस्बा स्थित दो निजी अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने जवाब दे दिया। बाद में प्रयागराज के शंकरगढ़ स्थित एक निजी चिकित्सालय में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु का स्पष्ट कारण नहीं पता चला। परिजन बिना पोस्टमार्टम के ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

करंटकी चपेटमें आया युवक, रिफर

चित्रकूट। भरतकूप के पास बुधवार की सुबह खेत की सिंचाई के लिए किसान विजय कुमार (३६) अपने टयूबवेल में पहुंचा। टयूबवेल स्टार्ट करते समय बोर्ड से उसे करंट लगा और वह झुलस गया। पास में ही मौजूद अन्य स्वजन ने यह देखा तो आसपास के लोगों को बुलाकर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। भाई राजू ने बताया कि जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसे रिफर किया गया है। अभी प्रयागराज के अस्पताल में भर्ती है।

१५१ वर्ष पुरानी रामलीला में परम्परा के साथ रावण वध का मंचन

चित्रकूट। ऐंचवारा गांव में ग्राम समाज रामलीला समिति की ओर से १५१ वर्ष पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा के अंतर्गत भव्य दशहरा समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कानपुर और राठ, हमीरपुर से आए कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया। रावण वध की लीला देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की।

समारोह में भगवान श्रीराम के आदर्शों, सत्य और धर्म की विजय का संदेश दिया गया। आयोजन ग्रामीणों के लिए धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर भी बना। समिति के सदस्यों ने कहा कि वर्षों से चली आ रही यह परंपरा नई पीढ़ी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से परिचित कराती है। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले कलाकारों, अतिथियों और ग्रामीणों के प्रति आभार जताया। दशहरा समारोह ने ऐंचवारा की पुरानी सांस्कृतिक परंपरा को एक बार फिर जीवंत किया।

कार्यक्रम में गोबिंद तिवारी, विजय तिवारी, संतोष तिवारी, रामानंद तिवारी, अरुणोदय प्रसाद त्रिपाठी, सुनील तिवारी, नरेंद्र तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, दिलीप सिंह, ललित सिंह, आशीष केशरवानी, अतुल मिश्रा, हर्षित मिश्रा, शिवम मिश्रा, संदीप तिवारी, रजनीश श्रीवास्तव, विनय मिश्रा, रामकिंकर गौतम, लवलेश त्रिपाठी, गोलाल मिश्रा, मनोज भुजवा, जियालाल, मौत मिश्रा, वीके शुक्ला और वीरेंद्र त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

जौनपुर। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में भव्य एवं भावपूर्ण शोक परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने विगत एक वर्ष में कर्तव्य निर्वहन के दौरान बलिदान हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के अदम्य साहस, समर्पण एवं निष्ठा को याद किया। उन्होंने 'पावन स्मृति पुस्तिका' का पठन कर शहीदों के नामों का स्मरण कराया। इसके पश्चात एसपी, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर/ग्रामीण), सभी क्षेत्राधिकारियों और पुलिस बल के जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया।

आज और कल कलेक्ट्रेट की सभी अदालतें वादकारियों के लिए बंद

एमएलसी चुनाव : मतदान टोलियां कलेक्ट्रेट न्यायालय कक्षों में करेंगी विश्राम

जौनपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन-२०२६ के दृष्टिगत २३ अक्टूबर को होने वाले मतदान की प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सैमुअल पाल एन. ने बताया कि कलेक्ट्रेट स्थित समस्त न्यायालय कक्षों को मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए २२ अक्टूबर को ही सभी मतदान पार्टियां कलेक्ट्रेट पहुंचेंगी और निर्धारित न्यायालय कक्षों में रात्रि विश्राम करेंगी। निर्वाचन प्रक्रिया के चलते २२ और २३ अक्टूबर को कलेक्ट्रेट परिसर की सभी अदालतें वादकारियों के लिए पूर्णतः बंद रहेंगी तथा परिसर में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गयी विदाई

नखास कुंड में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

जौनपुर। शारदीय नवरात्र के समापन पर बुधवार को नगर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन नम आंखों और पूर्ण धार्मिक मर्यादा के साथ संपन्न हुआ। शहर की विभिन्न पूजा समितियों की प्रतिमाएं भंडारी रेलवे स्टेशन पर एकत्र हुईं, जहां से क्रमबद्ध रूप से विशाल विसर्जन शोभायात्रा रवाना हुई। शोभायात्रा सब्जी मंडी, कोतवाली चौराहा, शाही पुल और ओलंदगंज होते हुए नखास स्थित विसर्जन घाट पहुंची। रास्ते भर 'जय माता दी' के जयकारों और अबीर-गुलाल के बीच श्रद्धालुओं ने माता को भावभीनी विदाई दी। विसर्जन घाट पर प्रशासन द्वारा निर्मित विशेष कुंड में वैदिक रीति से प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया। डीएम सैमुअल पाल एन. और एसएसपी डा. यशवीर सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ पूरे विसर्जन मार्ग और घाट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



नखास स्थित विसर्जन कुंड में दुर्गा प्रतिमा विसर्जित करते श्रद्धालु

शराब के नशे में धुत सिपाही को एसपी ने किया निलंबित

चित्रकूट। पुलिस लाइन में तैनात सिपाही दीपक प्रकाश वर्मा को पुलिस अधीक्षक ने वर्दी में शराब के नशे में धुत होकर गैर जिम्मेदारना आचरण पर निलंबित कर दिया है। मामले की जांच सीओ सिटी का सौंपी गयी है। दो दिन पूर्व इस सिपाही को कर्वी और पुलिस लाइन मार्ग के बीच हाईवे किनारे बेसुध अवस्था में मिलने की जानकारी पर पीआरवी टीम मौके पर पहुंची थी। टीम के सिपाही राजेश कुमार उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे यहां पर नशे में धुत सिपाही ने अपने ही साथियों से अभद्रता की थी। इसकी जानकारी एसपी को दी गयी थी। एसपी के निर्देश पर उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। बुधवार को मेडिकल रिपोर्ट में शराब के नशे में होने और वर्दी पहनकर गैर जिम्मेदारना आचरण करने का दोषी पाया गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सिपाही को निलंबित कर दिया गया है।

जीवन कौशल से होगा व्यक्तित्व निर्माण

चित्रकूट। ग्रामोदय विश्वविद्यालय में चल रही क्षमता निर्माण कार्यशाला के दूसरे दिन अपराजिता फाउंडेशन मदुरै के विशेषज्ञों ने समाज कार्य के प्रतिभागियों को जीवन कौशल कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विभिन्न सत्रों में कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विधियों पर चर्चा की गयी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रमुख जीवन कौशलों पर प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया। बताया गया कि इस पद्धति को अपनाकर विद्यार्थी व्यक्तित्व निर्माण करते हुए देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकेंगे। प्रशिक्षण अपराजिता फाउंडेशन की राज्य प्रमुख शिल्पा परसाई, उत्तराखंड के राज्य प्रमुख राहुल और दिल्ली के राज्य प्रमुख सिद्धार्थ गुप्ता ने दिया। समापन पर प्रभारी संकायाध्यक्ष प्रो. नीलम चौरे ने अतिथियों का सम्मान किया। आभार संयोजक प्रो. अजय आर. चौरे ने व्यक्त किया।



किसानों को बीज किट देते डीएम।

वृद्ध की बुखार, पेटदर्द से मौत

चित्रकूट। मऊ थाना क्षेत्र के चकवा गांव निवासी वृद्ध रामेश्वर प्रसाद की तबियत खराब होने पर परिजन मंगलवार की रात को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके पुत्र रामप्रताप ने बताया कि उनको दो दिन से बुखार एवं पेटदर्द की शिकातय थी। उनका प्राइवेट इलाज भी चल रहा था।

लक्ष्मण शक्ति और कुंभकर्ण-मेघनाद वध का सजीव मंचन

कुंवरपुर की १४१ वर्ष पुरानी रामलीला

मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर)। मछलीशहर तहसील के कुंवरपुर गांव में विगत १४१ वर्षों से आयोजित हो रही ऐतिहासिक रामलीला के अंतिम दिन 'लक्ष्मण शक्ति' का अत्यंत भावपूर्ण मंचन किया गया।

मंचन की शुरुआत सेतु निर्माण, अंगद-रावण संवाद और अंगद द्वारा रावण की भरी सभा में पैर जमाने के रोमांचक दृश्य से हुई। युद्ध के मैदान में जब मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो गए, तो प्रभु श्रीराम के करुण विलाप को देखकर उपस्थित दर्शकों की आंखें छलक आईं। पवनपुत्र हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाने पर जैसे ही लक्ष्मण की मूर्छा टूटी, पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। अंत में प्रभु राम द्वारा कुंभकर्ण और लक्ष्मण द्वारा मेघनाद के वध के साथ रामलीला संपन्न हुई। अभिनय में सचिन उपाध्याय (राम), कुंदन पांडेय (लक्ष्मण), विराट तिवारी (भरत), नित्यानंद (हनुमान) एवं रणविजय सिंह ने रावण की भूमिका निभाई। समिति अध्यक्ष गोविंद सिंह एवं कोषाध्यक्ष अश्विनी पाठक ने सभी का आभार जताया।

कलेक्ट्रेट में २४ घंटे सक्रिय रहेगा कंट्रोल रूम, नंबर जारी

जौनपुर। निर्वाचन को सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार के प्रथम तल पर २४ घंटे क्रियाशील केंद्रीय नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी/सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत या सहायता के लिए आमजन एवं मतदाता हेल्पलाइन नंबर ९४५४४१७११७ पर संपर्क कर सकते हैं।

हनुमान घाट से निकली भव्य कलश यात्रा

जौनपुर। सेवा भारती के तत्वावधान में वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह के संयोजन में मंगलवार को आदि गंगा गोमती के पावन हनुमान घाट से ऐतिहासिक एवं भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। सिर पर मंगल कलश धारण किए महिलाओं की लंबी कतारों और आकर्षक झांकियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया। कलश यात्रा चहारसू चौराहा, ओलंदगंज, पालिटेक्निक चौराहा और वाजिदपुर तिराहा होते हुए कथा स्थल बीआरपी इंटर कालेज मैदान पहुंची। मुख्य आयोजक ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि बीआरपी मैदान में २१ से २९ अक्टूबर तक नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीरामकथा का आयोजन होगा। उन्होंने नागरिकों से सपरिवार पहुंचकर प्रभु श्रीराम के मर्यादित जीवन चरित्र को आत्मसात करने का आह्वान किया।

जेसीज चौराहे पर धू-धू कर जला रावण का पुतला

जौनपुर। विजयादशमी का पावन पर्व नगर में हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। श्रीरामलीला समिति हुसेनाबाद के तत्वावधान में नगर के जेसीज चौराहे पर असत्य और अन्याय के प्रतीक लंकापति रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया गया।

कृषकों की समस्याओं का त्वरित निदान करें अधिकारी-डीएम

किसान दिवस का आयोजन

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे किसान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त विभाग के अधिकारियों से वर्तमान मे संचालित योजनाओं के बारे मे जानकारी ली गयी तथा कृषकों को वर्तमान मे संचालित समस्त योजनाओ के बारे मे बताया गया।

उप कृषि निदेशक ने गत माह की बैठक में उठाई गयी समस्याओं की विभागवार प्राप्त अनुपालन से कृषकों को अवगत कराया तथा कृषि विभाग में संचालित समस्त योजनाओ के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गयी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा वर्तमान में बीज वितरण एवं जनपद में उपलब्ध उर्वरक के बारे मे जांनकारी दी गयी। बताया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। अधिशासी अभियन्ता सिचांई खण्ड प्रथम द्वारा बताया गया कि जनपद में चार बड़े बांध, आठ नहर एवं २१ नलकूप संचालित है। वर्तमान में समस्त नहरों की सिल्ट की सफाई कराई जा रही है। कृषक रबी सत्र के लिए मिनीकिट बीज आन लाइन बुकिंग कृषि विभाग के पोर्टल पर कर सकते है साथ ही आन लाइन चयनित कृषकों को बीज मिनीकिट वितरित किए गये। साथ ही जिला उद्यान अधिकारी द्वारा कृषकों को सब्जी के बीजों का वितरण कराया गया। डीएम ने कृषकों को अवगत कराया कि नहरों की सिल्ट की सफाई रोस्टर के अनुसार करवाया जा रहा है जिससे की कृषको को फसलों की सिचांई के लिए पानी समय से उपलब्ध हो सके तथा यह भी अवगत कराया गया कि इस वर्ष विगत वर्षो की तुलना में अधिक है। सभी आवारा गोवंशों की समस्या पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोवंशों को संरक्षित करने के लिए निर्देशित किया गया। विद्युत की समस्या का समाधान करने के लिए अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड राजापुर एवं कर्वी को निर्देशित किया गया है कि शीघ्र ही समस्त विद्युत समस्याओं का समाधान कर अवगत कराये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, अपर जिलाधिकारी चन्द्र शेखर, उप कृषि निदेशक जीतलाल गुप्ता, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल बर्धन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा जितेन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी राम किशोर, भूमि संरक्षण अधिकारी कर्वी द्वितीय बलजीत बहादुर बर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी चित्रकूट इकाई सुरचि विश्वकर्मा, भाकियू के मंडल अध्यक्ष राम सिंह राही, जिलाध्यक्ष तीरथ पटेल एवं शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

पांच दिन बाधित रहेगी जलापूर्ति

चित्रकूट। उप्र जल निगम ग्रामीण अधिशाषी अभियंता ने बताया कि बरगढ ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत इन्टेकवेल की मोटर एवं पम्प के मेन्टीनेन्स के कारण बरगढ ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित ग्राम बरगढ, कोलमजरा, जमीरा, अरवारी, मुरका, सेमरा, गुंइया खुर्द, मटियारा, मनका छितैनी, डोडिया माफी, कोटवा माफी, कोनिया, कलचिहा, बोझ, औबरी, करौंदी, मडहा, उसरी माफी, ललई, भटगवां, हरदीकला, हरदी खुर्द, लोढौता कला, लोढहौता खुर्द, गुईया कला, खोहर आदि ३९ ग्रामों में पेयजल आपूर्ति पांच दिवस तक बाधित रहेगी।

प्रयागराज खेल

मंडल स्तरीय अंडर-१७ क्रिकेट टीम घोषित

मंडल स्तरीय अंडर-१७ माध्यमिक विद्यालयीय क्रिकेट प्रतियोगिता बालक वर्ग के लिए प्रयागराज की टीम घोषित कर दी गई है। यादगारे हुसैनी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक मोहम्मद रजा हुसैन के अनुसार टीम में रुद्र प्रताप, अभिषेक सिंह, देवेन्द्र, यासिर मोकीत, अमन गुप्ता, सुदर्शन शुक्ला, ईशान सिंह, हर्षित कुमार, प्रिन्स कुमार सिंह, मोहम्मद युसूफ अहमद, रेहान खान, वासु मिश्र, शिवांश मिश्र, अनुराग शुक्ला, मोहम्मद तंजील खान और मुबारक अहमद शामिल है। इसके अलावा आरक्षित खिलाड़ी समर शुक्ला, यथार्थ दुबे, सुधांशु सिंह, सुयश त्रिपाठी, शाश्वत द्विवेदी हैं। वेदराज पाल और गालिब अंसारी को टीम का कोच बनाया गया है।

एमआईसी ए एवं रेलगांव क्लबको मिली जीत

सैयद असद कासिम अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता



एमआईसी ए ने विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को २५ रन और रेलगांव क्लब ने एएस हनुमानगंज क्लब को ९८ रन से हराकर सैयद असद कासिम अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज मैदान पर मंगलवार को खेले गए पहले मुकाबले में एमआईसी ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए २० ओवर में आठ विकेट पर १४२ रन (अंश यादव ४४, रेहान खान ३७ नाबाद, रुद्र प्रताप ४/२४, रजाउद्दीन २/१८, अमन द्विवेदी १/१४, निखिल सिंह यादव १/१४) बनाये। जवाब में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की टीम १९.१ ओवर में ११७ रन (रजाउद्दीन ४४, निखिल सिंह यादव १८, अंश यादव २/१०, नितीश कुमार २/११, आरुष पाल २/२४, रिदान २/३२ और अल्तमश १/१९) पर सिमट गई। अंश यादव को इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक एलबी काला ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे मुकाबले में रेलगांव क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए २० ओवर में पांच विकेट पर १६६ रन (शादान अब्बास रिजवी ६५ नाबाद, सिद्धार्थ अग्रवाल २६, मोहम्मद अक्सम अली २२, मोहम्मद अशरफुल हक १४, सक्षम वर्मा १२ रन, सर्वत्र १/१६ और शिवेंद्र सिंह १/२२) विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एएस हनुमानगंज क्लब की टीम १५.२ ओवर में ६८ रन (शिवेंद्र सिंह २५, मयंक यादव १७, शिवांश जायसवाल १२, हुजैफा हाद ३/१३, श्लोक चतुर्वेदी २/०७, रेहान वजाहत २/१३, विघ्नेश २/१५) पर सिमट गई।

शादान अब्बास रिजवी को आल इंडिया हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन शाहीन काजमी ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। दोनों मैच में राहुल सिंह और मोहम्मद नबी ने अंपायरिंग की जबकि खुर्शीद अहमद राईन और शिशिर मेहरोत्रा ने स्कोरिंग की।